हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 एकलव्य विद्यालय कोसमबुडा में गूंजा बाबा...

12 बाबा साहब के विचारों और मूल्यों को आत्मसात...




## खबर संक्षेप

### अशोक मिश्रा बने शिक्षा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक

**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति और शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कांतिलाल जैन ,जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी



और जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर की सहमति से शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुन्नालाल देवदास ने अशोक मिश्रा सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को गरियाबंद जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के सह संयोजक उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति किए जाने पर राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, नवदीप जनकल्याण सेवा समिति के सदस्य मोहन साहू, हेमकुमार साहू, ओंकार शुक्ला, अवध साहू,जी आर पारकर, अशोक गुप्ता, शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, आत्माराम साहू, नेमूराम साहू, रूपलाल साहू सहित राजिम, फिंगेश्वर छुरा एवं गरियाबंद के सभी शिक्षक साथियों ने शुभकामनाएं दी।

### पोलकर्रा में समिति के कार्यालय एवं गोदाम का उद्घाटन आज

**फिंगेश्वर।** ग्राम पंचायत सिर्रीकला मे नवीन समिति पंजीयन क्रमांक 96 ग्राम पोलकर्रा का कार्यालय एवं गोदाम का वर्चुवल उद्घाटन प्रदेश



के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वन सहकारिता मंत्री के द्वारा 15 अप्रैल को 11 बजे उद्घाटन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य नंदनी कोमल ढीढी, विशेष अतिथि डॉ. दिलीप साहू जनपद सभापति, जनपद सदस्य उमा राधेश्याम साहू, भसेरा सोसायटी के अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, सरपंच कोमलराम ध्रुव, सरपंच द्रोपति मिथलेश साहू पेंड्रा एवं सरपंच हितेश्वरी प्रदीप साहू होंगी। इस अवसर पर सिर्रीकला, रोबा, पोलकर्रा एवं पेंड्रा के किसानों को सोसायटी प्रबंधक सतीश वर्मा के द्वारा आमंत्रित किया गया है।

### नवापारा सोनकर समाज के राकेश सोनकर बने अध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश सोनकर को सोनकर समाज नवापारा के अध्यक्ष बनने पर



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व विधायक धनेंद्र साहू,नेता प्रतिपक्ष संध्या राव सहित नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष द्वय जीत सिंह ,चतुर जगत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा, राजा चावला, सौरभ सोनी, रामकुमार शर्मा ने शुभकामनाएं दी है।

### शिल्पा पाण्डेय को पीएचडी की उपाधि

**नवापारा-राजिम।** कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा शिल्पा पाण्डेय को प्रबंध संकाय में शोध कार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनके शोध का



विषय रहा-'स्टडी इन आपाचुर्नीटीस एण्ड स्कोप ऑफ आर्टिफिसियल इंटेलिजेन्स पावर्ड रिक्रूटमेंट एण्ड सलेक्शन' उन्होनें अपना शोध कार्य कलिंगा वि.वि. रायपुर के डायरेक्टर जनरल डॉ. बैजु जॉन के निर्देशन में पूर्ण किया। वे रायपुर निवासी अविनाश-सुनिता दीवान की पुत्री एवं ईंजी. सोमेश चंद्र पाण्डेय की पत्नि है। इन्हे पीएचडी की उपाधि प्रदान करने पर समाज के वरिष्ठ मधुसुदन शर्मा, ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, सौरभ शर्मा, आशीष दीवान, श्यामकिशोर शर्मा ने बधाई दी है।

# जिले में अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान, सिंचाई पर संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में इन दिनों गहराता बिजली संकट किसानों और आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी चिंता का कारण बन गया है। आए दिन हो रही अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है, वहीं खेतों में खड़ी फसलों पर भी संकट मंडरा रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारी बिजली संकट पर खामोशी बनाए हुए हैं।

किसानों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी बिजली काट दी जाती है, जिससे मोटर पंप बंद हो जाते हैं और सिंचाई कार्य बाधित होता है। रात के समय भी बिजली की अनियमितता बनी रहती है, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली आपूर्ति को नियमित किया जाए और अघोषित कटौती पर रोक लगाई जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

जानकारी के अनुसार, गरियाबंद जिले में विद्युत आपूर्ति का संचालन पूरी तरह स्थानीय स्तर पर नहीं होकर रायपुर जिले के नयापारा विद्युत कार्यालय के नियंत्रण में है। ऐसे में किसी भी तकनीकी समस्या या प्रबंधन की कमी का सीधा असर गरियाबंद के उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान नहीं मिल पाने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## नयापारा कंट्रोल सेंटर के भरोसे जिला



### फसलों के लिए पर्याप्त पानी की जरूरत

इस समय ग्रीष्मकालीन धान की फसल अपने महत्वपूर्ण चरण में है। खेतों में लगे पौधों में बालियां निकल रही हैं, जिसके लिए पर्याप्त पानी की जरूरत होती है। लेकिन लगातार हो रही बिजली कटौती के चलते किसान समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। इससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी बिजली काट दी जाती है, जिससे मोटर पंप बंद हो जाते हैं और सिंचाई कार्य बाधित होता है। रात के समय भी बिजली की अनियमितता बनी रहती है, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली आपूर्ति को नियमित किया जाए और अघोषित कटौती पर रोक लगाई जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

## हादसा : साप्ताहिक बाजार से सब्जी बेचकर लौट रहा था परिवार

# तेज रफ्तार कार ने दंपति को रौंदा पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

जिले के पांडुका थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजिम-गरियाबंद मुख्य मार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार का खूनी खेल देखने को मिला है। मंगलवार शाम को हुए एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा इतना भीषण था कि कार की टक्कर के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गए और दंपति सड़क पर काफी दूर तक जा गिरे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तर्रा निवासी लोमष पटेल (मृतक) अपनी पत्नी बुधियारिन पटेल के साथ अपनी आजीविका चलाने के लिए समीपस्थ ग्राम जेंजरा के साप्ताहिक बाजार गए हुए थे। दोनों वहां दिन भर सब्जी बेचने का कार्य करते थे। शाम को अपना काम निपटाकर दोनों बाइक पर सवार होकर अपने गांव तर्रा लौट रहे थे। उन्हें क्या पता था कि घर पहुँचने से पहले ही काल बनकर आ रही एक तेज रफ्तार कार उनके खुशहाल परिवार को उजाड़ देगी।

हादसा राजिम-गरियाबंद मार्ग पर कोपरा और सुरसाबांधा के बीच हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दंपति अपनी साइड पर चल रहे थे, तभी सामने से आ रही सफेद रंग की तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार (क्रमांक सीजी 05 एजे 4902) के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लोमष और उनकी पत्नी हवा में कई फीट उछलकर सड़क पर जा गिरे। लोमष के सिर पर गंभीर चोट आने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया, वहीं बुधियारिन लहूलुहान होकर अचेत हो गईं।



### गांव में पसरा मातम, आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज

लोमष पटेल की मौत की खबर जैसे ही ग्राम तर्रा पहुंची, वहां सन्नाटा पसर गया। मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालने वाले व्यक्ति की इस तरह अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पांडुका थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने दुर्घटनाकारी वाहन को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। आरोपी कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

### राहगीरों की तत्परता और पुलिस की कार्रवाई

हादसे के तुरंत बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल पांडुका पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मदद से दोनों को तुरंत राजिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद लोमष पटेल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बुधियारिन पटेल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उनका इलाज सघन रूप से जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, अगले कुछ घंटे उनकी स्थिति के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं।

### बढ़ती दुर्घटनाएं और सुरक्षा पर सवाल-

राजिम-गरियाबंद मार्ग पर आए दिन होने वाले ये हादसे प्रशासन की व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य मार्गों पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए न तो स्पीड ब्रेकर की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही पुलिस की नियमित गश्त। सब्जी बेचने वाले एक गरीब परिवार के मुखिया की मौत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सड़कों पर दौड़ती बेलगाम रफ्तार किसी भी वक्त मासूमों की जान ले सकती है।

# देवभोग में दो घरों पर छापा, डेढ़ लाख का अवैध सागौन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के वन परिक्षेत्र इंदागांव (देवभोग) में वन विभाग ने अवैध लकड़ी तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। विभाग ने सर्च वारंट के जरिए दो सगे भाइयों के घर और बाड़ी में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध सागौन के लट्ठे और चिरान बरामद किए हैं। जब्त वनोपज की कुल कीमत लगभग 1.55 लाख रुपये आंकी गई है। मुख्य वनसंरक्षक रायपुर वृत्त और वनमण्डलाधिकारी गरियाबंद के निर्देशानुसार, उप वनमण्डलाधिकारी देवभोग द्वारा जारी सर्च वारंट के तहत यह कार्रवाई की गई। सोमवार को वन विभाग की टीम ने ग्राम सरगीगुड़ा में रक्षानंद ठाकुर और जयनंद ठाकुर के ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। सर्च के दौरान विभाग को रक्षानंद वल्द जहाज सिंह ठाकुर के घर से 60 नग सागौन चिरान और बाड़ी से 17 नग सागौन लट्ठा मिला। इसी तरह, जयनंद वल्द जहाज सिंह ठाकुर के घर के भीतर से 20 नग चिरान और बाड़ी से 13 नग लट्ठा बरामद किया गया। दोनों ही मामलों में आरोपी लकड़ी से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

**जब्ती का विवरण और कानूनी शिकंजा-** वन विभाग ने इस कार्रवाई में कुल 103 नग सागौन काष्ठ जब्त किया है, जिसका कुल घन मीटर 1.593 है। सागौन चिरान 73 नग कीमत लगभग 84,000/- रुपये ,सागौन लट्ठा 30 नग कीमत लगभग 70,994 रुपये। विभाग ने वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20961/09 और 20961/10 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बड़ी सफलता में वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव (देवभोग) के नेतृत्व में परिक्षेत्र के समस्त स्टाफ और सुरक्षा श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वन विभाग की इस अचानक कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# अंबेडकर का जीवन संघर्ष और उपलब्धियों की मिसाल : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

भाजपा मंडल फिंगेश्वर के तत्वाधान में ग्राम बोरिद में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म जयंती धूमधाम से मनाकर उनके देशहित में किए गए कार्यो को याद किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला गरियाबंद की वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ रामू राम साहू,भाजपा मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री भुवन लाल साहू,महामंत्री प्रेमलाल टोडर, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर के प्रमुख आतिथ्य में एवं भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में धूमधाम से डॉ भीमराव अंबेडकर का जयंती का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पूजा अर्चना पुष्प माला तथा श्रीफल अर्पित कर किया गया सभी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ''अमर रहे'' अमर रहे का नारा लगाया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता रामू राम साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन विविध संघर्षों के बाद भी उपलब्धियों से भरा रहा है। वे विभिन्न प्रतिभाओं के धनी रहे हैं। उनका जन्म 14 अप्रैल सन 1891 में महू मध्य प्रदेश में हुआ था। उन्होंने समानता एवं न्याय के लिए संघर्ष किया। डॉक्टर साहब शिक्षा और कानून में बड़ा योगदान दिया। उनके नेतृत्व में भारतीय संविधान का निर्माण हुआ इसलिए उन्हें भारतीय संविधान का निर्माता कहा जाता है। आज उनके जन्म जयंती पर पूरे देश में भाजपा द्वारा उनकी जयंती मनाकर उनकी किए हुए कार्यों को याद किया जा रहा है, जो कि हम सबके लिए काफी अनुकरणीय एवं पूजनीय हैं। महामंत्री भुवन लाल साहू ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को देश और समाज कभी नहीं भूल सकता। वह काफी विद्यावान थे। उन्हें भारत रत्न के सम्मान से सम्मानित किया गया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून एवं न्याय मंत्री रहे हैं। उन्हें कानून का अच्छा ज्ञान रहा है और भारतीय संविधान बनाने में विशेष योगदान ⏭ शेष पेज 10 पर



बोरिद में भाजपा मंडल फिंगेश्वर द्वारा मनाया डॉक्टर अंबेडकर जयंती

# आवास चौपाल, 30 घर अब भी अधूरे हितग्राहियों को दी गई समय-सीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम पंचायत रसेला में 13 अप्रैल को प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने एवं समस्या के समाधान के लिए जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकार के निर्देश और जनपद सीईओ सतीश चन्द्र वंशी के मार्गदर्शन में आवास चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आवास को प्रारंभ और अधूरे आवासो की समीक्षा, हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण, और आवास निर्माण की गति बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। ज्ञात हो कि छुरा विकास खंड के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में ग्राम पंचायत रसेला सबसे पीछे है क्योंकि यहां पर वर्ष 24 -25 में लगभग 15 हितग्राहियों और 25 -26 में लगभग 17 हितग्राही अभी तक एक किश्त मिलने पर आवास का निर्माण शुभारंभ नहीं किया गया। इस तरह अधूरे आवास की संख्या लगभग 30 है जो अभी तक अपूर्ण है। ग्राम पंचायत रसेला में 25 -26 में कुल 157 प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हुआ जिसमें अभी तक 72 ⏭ शेष पेज 10 पर



## छुईहा में सातवें दिन उमड़ा जनसैलाब

# गृहस्थ स्वर्णिम अध्याय या नारकीय कारागार विवेक ही तय करेगा दिशा : पं. त्रिभुवन मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम छुईहा में सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा के सातवें दिन श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यासपीठ से राष्ट्रीय कथावाचक और सिद्ध विनायक मंदिर (फिंगेश्वर) के संचालक पं. त्रिभुवन मिश्रा (बारूला वाले) ने गृहस्थ जीवन की बारीकियों और सत्संग के महत्व पर प्रकाश डाला। संगीतमय भजनों और प्रेरक प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पं. मिश्रा ने गृहस्थ धर्म को भारतीय संस्कृति की धुरी बताते हुए कहा कि यह व्यवस्था व्यक्ति के




विवेक पर टिकी है। यदि समझदारी और होश के साथ निभाया जाए, तो गृहस्थी जीवन का स्वर्णिम अध्याय है, अन्यथा यह नारकीय कारागार में बदल सकती है। उन्होंने सचेत किया कि केवल इंद्रिय सुख के लिए बसाया गया घर अल्पकालिक होता है। दांपत्य का असली उद्देश्य देह सुख से आगे बढ़कर आनंद की भावयात्रा है, जहाँ एक-दूसरे के सुख-दुःख में सहभागी बनकर आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है।

**कुसंग का त्याग कर सत्संग से जोड़ें नाता-** 'जैसा संग, वैसा रंग' का उदाहरण देते हुए महराज ने कहा कि मनुष्य ⏭ शेष पेज 10 पर

# पक्षियों के लिए दाना-पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण जहां आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं जीव-जंतुओं, विशेषकर पक्षियों के लिए जल का संकट गहराता जा रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सेजेस राजिम के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और पक्षी सेवा की दिशा में एक अनोखा एवं प्रेरणादायक पहल की है। प्रतिवर्ष विद्यालय के छात्र-छात्राएँ नारियल की खटोली तथा पुरानी प्लास्टिक बोतलों का उपयोग कर पेड़ों पर पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था कर रहे। यह छोटा सा प्रयास गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रहा है। विद्यालय के इको क्लब द्वारा संचालित इस बर्ड फीडर अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक



लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि हर घर और मोहल्ले में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जीवों के प्रति करुणा को भी प्रोत्साहित करती है।

## खबर संक्षेप



### परसदा में भाजपा का गांव चलो बस्ती चलो महायान

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत नवापारा नगर पालिका के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने ग्राम परसदा का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें भाजपा कि वर्षों की गौरवशाली यात्रा, संगठन के निरंतर विस्तार और केंद्र व प्रदेश सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों से अवगत कराया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सोनी ने कहा कि भाजपा ने अपने शुरूआती संघर्ष के दौर से लेकर, जब पार्टी के केवल 2 सांसद थे, आज देश में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने तक का सफर कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और जनता के अटूट विश्वास के बल पर तय किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास, सुशासन और वैश्विक स्तर पर नई पहचान हासिल की है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 का ऐतिहासिक निर्णय, तीन तलाक जैसी कुप्रथा का अंत, जी-20 जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंच की सफल मेजबानी तथा भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना, यह सब मजबूत नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। इस अवसर पर सरपंच रमेश वर्मा, रामखेलावन साहू उपसरपंच प्रतिनिधि, जगदीश साहू, टिकेश्वर यादव, प्रेम खुटियारे,मोहन साहू ,तेजराम साहू पंच, मनी ध्रुव, मनी लाल पंच,नरेंद्र साहू, रामकुमार हिरवानी, दशरथ तारक, रोहित साहू,प्रीतम वर्मा, ठाकुर राम साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

### अमित गरियाबंद जिला संयोजक नियुक्त



**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी, जिला गरियाबंद में संगठन की मजबूती के लिए अहम नियुक्तियां की गई हैं। प्रदेश संगठन के निर्देशों और वरिष्ठ नेताओं की सहमति से जिले में सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक एवं सह-संयोजकों के नामों की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी की अनुमति के बाद जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी की सहमति से जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने इन नई नियुक्तियों पर मुहर लगाई है। भाजपा द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार, अमित वखारिया को गरियाबंद जिला सोशल मीडिया संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नियुक्तियों के बाद राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला महामंत्री डॉ आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, सुरेन्द्र सोनटेके, मुरलीधर सिन्हा, पारस ठाकुर, प्रीतम सिन्हा, धनराज विश्वकर्मा, सुमित पारख, रिखीराम यादव, राधेश्याम सोनवानी, रितेश यादव, मिलेश्वरी साहू, बिंदु सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

**पर्यटन :** बाघों की बढ़ती धमक, विशाल गिलहरियों की उड़ान और देश का सबसे बड़ा मेढक बना आकर्षण का केंद्र

# नक्सलवाद का साया हटा, अब पर्यटन वन्यजीवों से गुलजार हुआ उदंती रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व 1842.54 वर्ग किमी समृद्ध जैव विविधता का केन्द्र है जो दुर्लभ राजकीय पशु वनभैंसो, बाघ, तेंदुआ तथा हाथियो का घर है, सन् 2009 मे स्थापित यह रिजर्व अपने जीवंत पारिस्थितिक घने साल वनो और वन्यजीवो जैसे गौर, नीलगाय, भालू के लिए प्रसिद्ध है इसके लिए आलाव यहां वि"शि प्रकार दुर्लभ प्रजाति के उड़ने वाली गिलहरी, सांभर, बायसन बड़ी संख्या मे पाये जाते है लेकिन पिछले दो दशक मे नक्सली दहशत के चलते उदंती अभ्यारण्य की स्थिति बदल गई थी लेकिन अब 31 मार्च को नक्सल मुक्त क्षेत्र घोशित होने के बाद यहां का माहौल अनुकुल होने लगी है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व मे जहां एक ओर अनेक प्रकार के दुर्लभ वन्यप्राणी पाये जाते है वही यहां के प्रकृतिक सौन्दर्यता भी लोगो को अपनी ओर आकर्शित करता है।

नक्सलवाद लाल साए का खौफ हटते ही पर्यटकों की संख्या बढने लगी है, यहां देवधारा, गोडेना जलप्रपात, सोंढूर जलाशय, चौकसील धार्मिक पर्वत स्थल, बोतल धारा जलप्रपात, शेषपगार, आमामोरा ओढ़ की पहाड़ियों समेत कई पर्यटन स्थल मौजूद हैं घने जंगल और सुंदर वादियों के बीच यहां देवधारा और गोडेना जलप्रपात है, जो लोगों का मन मोह लेता है जो खासकर बारिश के दिनो मे देखने लायक रहता है यहां आकर लोग सुकून महसूस करते हैं यहां मौजूद वन भैंसा प्रजनन केंद्र में दुर्लभ प्रजाति के वन भैंसे भी मौजूद हैं मुचकुन्द, गौतम, टांगरी और अंगीरा ऋषि जैसी ऊंची चोटियों पर ट्रैकिंग भी शुरू कर दी गई है कुल्हाड़ीघाट नदी पर बोटिंग एवं कायकिंग की भी सुविधा भी शुरू की गई है इन सब तक पहुंचने के लिए वन विभाग द्वारा जिप्सी की सुविधा मौजूद है इतना ही नहीं यहां ठहरने के लिए कॉटेज, खाना–पीना, गाइड इन सबकी बुकिंग आप पहले से ही उदंती सीतानदी अभयारण्य के पोर्टल पर जाकर कर सकते हैं, जिसके कारण खासकर शनिवार और रविवार को भारी भींड यहा लग रही है, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में राजकीय पशु वनभैंसा संरक्षण संवर्धन केन्द्र के अलावा देवदाहरा जलप्रपात, गोढ़ेना जलप्रपात, चौकसील धार्मिक पर्वत स्थल, बोतल धारा जलप्रपात, शेषपगार, आमामोरा ओढ़ के पहाड़ी मे कई मनमोहक जलप्रपात के अलावा सीतानदी में सोंढूर जलाशय और दर्जनों जलप्रपात के साथ सालों पुराने विश्राम गृह स्थापित हैं उदंती अभयारण्य में पर्यटकों के लिए वन विभाग विश्राम तौरेंगा में 4 कमरे, करलाझर में दो कमरे, कोयबा में दो कमरे, जुगाड़ में दो कमरे उपलब्ध हैं, जो सर्व सुविधायुक्त हैं, वही इन दिनों मैनपुर से 28 किलोमीटर दुर देवदाहरा जलप्रपात में भारी पर्यटको की भींड लग रही है यहा का मनोरम प्राकृतिक दृश्य देखने लायक हैं।









### टूरिज्म को बढ़ावा देने कार्ययोजना के साथ कार्य किया जा रहा है : वरूण जैन



उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटको के सुविधा के लिए लगातार सनसाधन जुटाने का प्रयास किया जा रहा है अभी पर्यटको के लिए दो जिप्सी की व्यवस्था की गई है, यहा कायाकिंग की भी सुविधा है राजकीय पशु वनभैसा के लिए विख्यात उदंती अभ्यारण्य कई दुर्लभ वन्य प्राणी पाये जाते है। उन्होने बताया कि उदंती सीतानदी अभ्यारण्य में पर्यटक दुर दुर से पहुच रहे है।

**तितलियों के लिए अनुकूल प्रदेश की 174 प्रजातियों में 130 इसी क्षेत्र में-** यहां के जंगल को तितलियों के लिए काफी अनूकूल माना जाता है भारी तादात में यहा तितलिया देखने को मिलती है, जहां प्रदेश में दर्ज कुल 174 प्रजाति में से 130 प्रजाति यहां पाया जाता है। उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघों की मौजूदगी को लेकर उत्साहजनक संकेत सामने आये है ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन एआईटीई 2026 के दौरान लगाए गए कैमरा ट्रैप में लगातार बाघों की तस्वीरें कैप्चर हो रही हैं इससे वन विभाग को उम्मीद है कि रिजर्व क्षेत्र में बाघों की गतिविधियां पहले की तुलना में बढ़ी हैं वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस बार टाइगर सेंसस कई मायनों में खास रहा है। क्षेत्र के नक्सल मुक्त होने के बाद पहली बार पूरे टाइगर रिजर्व के सभी 143 बीट्स में सर्वेक्षण कराया गया है इससे पहले सुरक्षा कारणों की वजह से वन विभाग केवल 60 से 70 प्रतिशत क्षेत्र में ही सर्वे कर पाता था कैमरा ट्रैप और अन्य वैज्ञानिक तरीकों से किए जा रहे इस सर्वे में लगातार मिल रही तस्वीरें यह संकेत दे रही हैं कि जंगल में बाघों की आवाजाही बनी हुई है। यहा 26 से 28 हाथियो का दल है।

**उदंती के जंगलों में पाई जाती है विशालकाय गिलहरी-** इंडियन जायंट क्विवरल यानी भारतीय विशाल गिलहरी यह विशाल गिलहरी भारतीय भूभाग की एंडेमिक यानी स्थानीय जीव है जो उदंती अभ्यारण्य मे बड़ी संख्या मे पाई जाति है यह एक पेड़ से दूसरे पेड़ मे उड़ते हुए चली जाती है अपने पैर फैलाकर ग्लाइड करते हैं इसकी औसत लंबाई 80 से 100 सेंटीमीटर तक हो सकती है और इसका वजन डेढ़ से 2 किलो तक होता है।

**देश का सबसे बड़ा मेढक उदंती अभ्यारण्य में-**देश का सबसे बडा मेढ़क भी उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में पाया जाता है जिससे मारने या पकडने पर जेल तक हो सकती है। हमारे देश में बहुत से प्रकार के जीव जन्तु पाये जाते है जिनकी चर्चाए देशो और विदेशो मे होती है लेकिन वर्तमान में इन जीव जन्तुओ की संख्या लुप्त होती जा रही है इन्ही लुप्त प्रजातियो में है एक मेढक राना टिग्रीना जो भारत का सबसे बडा और दुर्लभ मेढक उंदती सीतानदी टाईगर रिर्जव के उंदती मे पाया जाता है।



### कलश यात्रा के साथ श्रीश्री अष्टप्रहर नामयज्ञ का शुभारंभ

**मैनपुर।** देवभोग क्षेत्र के ग्राम टीपापारा में सोमवार को श्रीश्री अष्टप्रहर नामयज्ञ का शुभारंभ जल कलश यात्रा के साथ किया गया है। जहां 15 अप्रैल तक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। यह नामयज्ञ टीपपारा, पोटापारा, मुड़ागांव, तेतलपारा, डोंगरीपारा, माहुलपारा, सरदापुर, बंदपारा, लच्छीपुर, करलाकोट एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम के चलते पूरे क्षेत्र का माहौल धार्मिकमय नजर आ रहा है।

## मुचबहाल में भाजपा का गांव बस्ती चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा चलाए जा रहे गांव बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी गोहरापदर मंडल के ग्राम मुचबहाल पहुंच कर आम जनता को संबोधित किया। केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से बताया साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से मिलकर उनके हालचाल जानना गांव के विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा की,शासन के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित पात्र परिवारों से संपर्क कर योजना का लाभ की जानकारी प्राप्त करना पार्टी की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया का अंग है ग्रामवासियों एवं लाभान्वित हितग्राहियों के बीच बैठकर गांव में जनता की सुविधा के लिए और क्या अच्छा कार्य किया जा सकता है उसकी जानकारी भी प्राप्त होता है, योजनाओं का लाभ सही तरीके से पात्र लोगों को मिल रहा है कि नहीं मिल रहा है, यह कार्य पार्टी संगठन के निर्देश पर सभी कार्यकर्ता ग्राम संपर्क अभियान में अपना सहभागिता देते है। ग्राम के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया,इस दौरान कार्यक्रम के ग्राम प्रभारी जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहना नेताम,सहप्रभारी अजजा मोर्चा जिला महामंत्री तानसिंह मांझी, मंडल अध्यक्ष भोजराज सिन्हा, महामंत्री लम्बोदर साहू, अजजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सोभित ध्रुवा, रामेश्वर सिन्हा,नवलकिशोर मांझी, राजेन्द्र यादव, पुस्तम सिन्हा, जयगोपाल यादव, सुबोराम मांझी, नरसिंह मांझी, श्यामलाल नागेश, रामेश्वर नागेश, धनुर्जय साहू, दुल्लुराम धुरव, हीरासिंग नागेश, रमेश ध्रुव, नारायण मांझी, जयसिंग नागेश, मानसिंग साहू, हेमकांत नेताम, मोहीत यादव, डीलशन सिन्हा, सावित्री नागेश, तुलैबाई मांझी, कांतीबाई नागेश, रजुलाबाई नागेश, देवकी बाई, चम्पाबाई नागेश, रैमनीबाई, परमीला बाई, दैमतीबाई नागेश सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## रामचरितमानस हमें सनातन धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की देता है सीख : रिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के ग्राम सहसपुर में आयोजित तीन दिवसीय संगीतमय रामचरितमानस गान सम्मेलन का आयोजन बड़े ही भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं शहरों से आए मानस मंडलों ने अपनी मधुर वाणी में रामचरितमानस के दोहों और चौपाइयों का गायन कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस कार्यक्रम के समापन अवसर में शामिल होने पहुंचे क्षेत्र के भाजपा नेता राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि रामचरितमानस भारतीय संस्कृति और आदर्शों का अमूल्य ग्रंथ है, जो समाज को सदाचार, मर्यादा एवं मानवता का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रसार होता है। आगे कहा कि रामचरितमानस में भगवान श्रीराम के जीवन के माध्यम से आदर्श चरित्र, सत्य, धर्म, मर्यादा और कर्तव्य का संदेश दिया गया है। श्रीराम को "मर्यादा पुरुषोत्तम" के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो हर परिस्थिति में धर्म का पालन करते हैं। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि कठिनाइयों के समय भी सही मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। इस ग्रंथ की एक विशेषता यह है कि इसमें केवल भगवान की महिमा ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग—माता-पिता, भाई-बहन, मित्र, राजा और प्रजा के कर्तव्यों का सुंदर वर्णन किया गया है। सीता माता की त्याग और धैर्य की भावना, हनुमान की भक्ति और सेवा, तथा भरत का प्रेम और त्याग हमें प्रेरित करता है। इस अवसर पर भाजपा कोपरा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, गांव के सरपंच श्रीमती लता ध्रुव, जीवन लाल साहू, थानेश्वर साहू, घनश्याम साहू, लेख राम साहू, लालाराम साहू, मेश्राम,उत्तम साहू, उप सरपंच विद्या बाई साहू, नरसू ध्रुव, कार्यक्रम संचालन टीकम सेन, युवा नेता लोकेश साहू, लोकेश सोनी, जनक राम साहू, रमन सेन सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## गिधनी पाठ में होगा श्रीदेवी भागवत पुराण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गिधनी पाठ सेवा समिति में आगामी चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्रीमद् देवी भागवत पुराण का आयोजन किया जाना है, इसके निमित्त क्षेत्र के भागवत आचार्य पंडित त्रिभुवन महाराज को समिति के पदाधिकारी ने पहुंचकर श्रीफल प्रदान कर श्रीमद् देवी भागवत के लिए आमंत्रित किया है। ग्राम छूईया में चल रहे शिव पुराण के अवसर पर गिधनी पाठ सेवा समिति के पदाधिकारी ने पहुंचकर कथा का श्रवण किया और आगामी चैत्र नवरात्र के अवसर पर देवी भागवत के लिए उन्हें श्री फल प्रदान कर आमंत्रित किया ,इस अवसर पर गिधनी पाठ सेवा समिति के अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर ,उपाध्यक्ष बीजू राम साहू ,कोषाध्यक्ष रामाधार साहू, सचिव हरि राम साहू, सलाहकार बलिराम ठाकुर, सलाहकार ओंकार सेन, संरक्षक गो करण सह सचिव खेम राज ध्रुव, सदस्य तेजनाथ चंद्राकर, मदन ध्रुव ने पहुंचकर श्रीमद् देवी भागवत के लिए भागवत आचार्य को निमंत्रण दिया , गिधनी पाठ सेवा समिति में दो पंचायत और चार गांव के लोग निरंतर पूजा अर्चना विगत कई वर्षों से करते आ रहे हैं अब इस गिधनी पाठ समिति में आसपास के गांव वाले और पंचायत के लोग जुड़ गए हैं जिससे प्रतिवर्ष लगातार भव्य कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है समिति के अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष ज्योत जलाई के अलावा चेत पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की जाती है और लगातार मानस यज्ञ, रामायण का कार्यक्रम किया जा रहा है किंतु इस वर्ष आस-पास के श्रद्धालु की विशेष मांग पर श्रीदेवी भागवत पुराण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी लोग पर चढ़कर हिस्सा लेंगे।



## गांव चलो अभियान में पहुंचे चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवावारा-राजिम

ग्राम उपरवारा में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित गांव चलो अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा लोक कल्याण की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेकानेक योजनाएं बनाई गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके इसलिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चलो अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक व सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल तथा जनपद सदस्य संतराम साहू द्वारा भी संबोधित किया गया। आभार प्रदर्शन सोसायटी अध्यक्ष राजू तारवानी ने किया। इस दौरान आनंदराम साहू, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, मंडल महामंत्री सूरज साहू, मंडल महामंत्री गौरव शर्मा, गोविन्द साहू, सुरेश सेन, अवध साहू, प्रेमलाल साहू, डिगेश्वर साहू, मधुसूदन साहू, ललित साहू व सैंकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।



पेज 9 के शेष...

### अंबेडकर का जीवन...

रहा है। इसलिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता कहा गया है। **समाज के वंचित वर्गों के लिए बने प्रेरणा-** भाजपा मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री प्रेमलाल टोडर ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एक दलित शोषित समाज से आता है और विविध कठिनाइयों के बाद भी उनमे अनेक प्रतिभाएं रही है। बूथ अध्यक्ष देवचरण सोनकर ने उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती भाजपा मंडल फिंगेश्वर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा किसान मोर्चा रामू राम साहू, भाजपा मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री भुवन लाल साहू, महामंत्री प्रेमलाल टोडर, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर, चंदूलाल ध्रुव, देव चरण सोनकर,पूर्व जनपद सदस्य सोमन ध्रुव, हेमू राम निषाद, शोभा साहू, कमल नारायण सिंह, यशवंत यादव, तर्जुमा समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष बंसी, फिंगेश्वर समिति के प्राधिकृत अश्वनी विश्वकर्मा, युवा नेता ईश्वर लाल साहू सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा नागरिकगण भारी संख्या में उपस्थित थे।

### आवास चौपाल, 30...

आवास पूर्ण हुआ है। इस तरह जानकारी के अनुसार 2016 - 17 से 2024 तक 12 आवास अपूर्ण है, जिसमें किसी का शुभारंभ नहीं हुआ है, तो किसी का डीपीसी करके आजतक अधूरा पड़ा हुआ है। इसके चलते आवास हितग्राहियों को चौपाल बुलाकर आवास बनाने के संबंध में चर्चा किए तथा समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित किया गया। आवास जन चौपाल का आयोजन में कार्यरोपन अधिकारी पोखन साहू ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार पूर्वक प्रदान की गई, और सभी हितग्राहियों को आवास निर्माण को सही समय पर पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। आवास मित्र मूलचंद सोरी ने ग्रामीणों से अपील की वे योजना का पूरा लाभ उठाएं और समय पर आवास निर्माण पूर्ण कर अपने सपनों का घर साकार करें। इस मौके पर सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, सचिव रुपसिंह यादव, पंच साधना जयसवाल, कृष्णा यादव, दयमंती नागेश, निर्मला निषाद, डोमन ध्रुव, अंजली कुंजाम, लंकेश्वरी, सोनबाई दिलेश्वर, चांदनी, आरती सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### गृहस्थ स्वर्णिम अध्याय...

का आचरण उसके विचारों से तय होता है। दूषित विचार ही कुसंगति की जड़ हैं। उन्होंने आगाह किया कि अश्लील साहित्य, सनसनीखेज खबरें और दुर्व्यसनी लोगों की संगति हमारी अच्छी प्रवृत्तियों को झुलसा देती है। जीवन को तेजस्वी बनाने के लिए सद्ग्रंथों का अध्ययन और सज्जनों का साथ अनिवार्य है। **विशिष्ट जनों ने टेका माथा, विधायक भी पहुंचे-** कथा के दौरान वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू (देवगांव वाले) ने व्यासपीठ और शिव भगवान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने पं. त्रिभुवन मिश्रा का शाल और श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद लिया। साहू ने कहा कि शिव केवल देव नहीं, बल्कि चेतना हैं और भौतिकता के युग में शिव-तत्त्व का चिंतन ही शांति दे सकता है। कार्यक्रम के दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला अध्यक्ष अवध सिन्हा, डायमंड, दूर्गा राम सिन्हा सहित आयोजन परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित यह 12वां भागवत/सत्संग कार्यक्रम लोकमंगल की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रहा है। **विशिष्ट जनों ने टेका माथा, विधायक भी पहुंचे-** कथा के दौरान वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू (देवगांव वाले) ने व्यासपीठ और शिव भगवान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने पं. त्रिभुवन मिश्रा का शाल और श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद लिया। साहू ने कहा कि शिव केवल देव नहीं, बल्कि चेतना हैं और भौतिकता के युग में शिव-तत्त्व का चिंतन ही शांति दे सकता है। कार्यक्रम के दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला अध्यक्ष अवध सिन्हा, डायमंड, दूर्गा राम सिन्हा सहित आयोजन परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित यह 12वां भागवत/सत्संग कार्यक्रम लोकमंगल की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रहा है।

# बम्हनी में मानस की चौपाइयों पर झूमे श्रद्धालु, 24 मंडलियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव

ग्राम बम्हनी में ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय संगीतमय रामचरितमानस सस्वर पाठ एवं रामायण कथा व्याख्यान का मंगलवार की संध्या को भव्य समापन हुआ। 11 अप्रैल से शुरू हुए इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति रस से सराबोर कर दिया। समापन अवसर पर उमड़ी भारी भीड़ ने भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ आयोजन को सफल बनाया। इस भव्य सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से कुल 24 मानस मंडलियों ने शिरकत की। प्रत्येक मंडली ने अपनी विशिष्ट शैली में रामचरितमानस की चौपाइयों का सस्वर पाठ और प्रभु श्रीराम के आदर्शों का व्याख्यान किया। मधुर संगीत और भावपूर्ण वर्णन के कारण उपस्थित श्रोता देर रात तक मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे।

## ग्राम बम्हनी में संगीतमय रामचरितमानस पाठ के साथ समापन




### लावाण्या-निधि की सुमधुर आवाज बनी आकर्षण का केंद्र

सम्मेलन में लावन्या-निधि बालिका मानस मंडली विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रही। इसमें दो सगी बहनों—लावन्या और निधि ने अपनी सुमधुर आवाज से समां बांध दिया। परदेशी राम सिन्हा के सारगर्भित व्याख्यान और बालिकाओं के पिता राजकुमार यादव द्वारा प्रस्तुत लयबद्ध संगीत (सुर-ताल) ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। नन्हीं बालिकाओं की इस प्रस्तुति की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

### सामाजिक एकता और संस्कृति का उदाहरण

तीन दिनों तक चले इस आयोजन में बम्हनी सहित आसपास के दर्जनों गांवों से श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ना और समाज में समरसता लाना है। समापन बेला में महाप्रसाद वितरण के साथ इस अविस्मरणीय कार्यक्रम को विराम दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान पूरे गांव को तोरण और ध्वजाओं से सजाया गया था। भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक चर्चा के इस संगम ने बम्हनी को एक तीर्थ जैसा स्वरूप दे दिया था। ग्रामीणों ने इस सफल आयोजन के लिए सभी आगंतुक मंडलियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा के गांव बस्ती चलो अभियान कांग्रेस के कार्यक्रम की नकल : पुष्पा

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल अपनी संगठनात्मक मजबूती के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। एक ओर भाजपा जहाँ 'गांव बस्ती चलो अभियान' के जरिए पैठ बना रही है, वहीं कांग्रेस 'संगठन सृजन' कार्यक्रम के माध्यम से जमीनी स्तर पर सक्रिय है।



इसी बीच, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री और फिंगेश्वर जनपद पंचायत की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू ने भाजपा के अभियान पर तीखा हमला बोला है। क्षेत्र के दौरे पर पहुँचीं श्रीमती साहू ने कहा कि भाजपा का 'गांव बस्ती चलो' अभियान दरअसल कांग्रेस के 'संगठन सृजन' कार्यक्रम की महज एक नकल है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर सीधे जनता से संवाद कर रहे हैं और लोग पार्टी की कार्यशैली से प्रभावित होकर जुड़ रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा कांग्रेस के कार्यक्रमों की नकल तो कर सकती है, लेकिन कांग्रेस जैसी सेवा और बलिदान की परंपरा नहीं ला सकती।

### बिरकोनी में धूमधाम से मनाई अम्बेडकर की जयंती

**बिरकोनी।** ग्राम पंचायत बिरकोनी में भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई। ग्राम पंचायत सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर व पंचायत सदस्यों ने बाबा साहेब के चलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। सरपंच चंद्राकर ने बताया कि अंबेडकर का लिखा गया संविधान समाज का पथ प्रदर्शक है। डॉ अंबेडकर ने भारत के संविधान को बनाने में जो विद्वता और त्याग का परिचय दिया है, वहीं भारत के लिए गौरव की बात है। इससे हमें प्रेरणा लेनी होगी। इस अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर हेमराज चंद्राकर, रवि साहू, डोलू साहू, सुनीता मन्नाडे, कमला साहू, लक्ष्मी पटेल, केशर साहू, भुनेश्वरी साहू, नेहा साहू, तुकेश साहू, महावीर निषाद, गोकुल सोनवानी सहित ग्रामीण उपस्थित थे। क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर, बड़गांव, अछरीडीह कांपा, मुस्की में भी कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## जयंती : ग्राम पंचायत दादरगाव नया में धूमधाम से मनाई गई जयंती

# अम्बेडकर संविधान के शिल्पकार थे : पारस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला, कुडेरादादर, टेगनाबासा और ग्राम पंचायत दादरगाव नया में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती क्षेत्र में उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दादरगाव नया में भाजपा मंडल मलेवाअचल के द्वारा अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी व जिला प्रवक्ता पारस ठाकुर अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, विशेष अतिथि के रूप में महामंत्री व जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, मंत्री भुवेन्द्र मरकाम, उपाध्यक्ष रोहित जगत, महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमलता ध्रुव, सुरेन्द्र ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुभारंभ डा भीमराव अम्बेडकर की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पुजा अर्चना कर किया गया। सभी उपस्थित जनों ने माल्यार्पण कर बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों, शिक्षा, संघर्ष और एकता को याद करना और समानता दिवस के रूप में इसे मनाना। यह दिन जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ उनके संघर्ष को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रेरणा के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि पारस ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा बाबा साहेब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर की सामाजिक सोच और उसके द्वारा संविधान में दिए गए अधिकार आज भी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा बाबा साहेब के दिखाएं मार्ग पर चलने और उनके सपनों को साकार करने का आग्रह किया। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले अंबेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है। इसी कड़ी में जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, भुवेन्द्र मरकाम, रोहित जगत ने अंबेडकर के जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय और समानता के लिए किए गए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमलता ध्रुव ने कहा बाबा साहेब का उनका पूरा जीवन पर हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए,यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर पीला बाई ठाकुर, दमयंती नागेश, निर्मला निषाद,कसराम ठाकुर, लक्ष्मण यादव, दादरगाव से त्रिवेणी बाई, दिनेश ध्रुव,कलाराम नेताम, रैयत सिंह, तेजराम, राजू ध्रुव, विजय कुमार, रूखमणी नेताम, बिसेराम यादव, बेलडीही से भानुप्रताप, बाबुलाल, शंकर कुर्रे, देवकुमार मार्कंडेय, जगतराम, भगोली सहित पारावासी उपस्थित थे।



## कौन्दकेरा अटल टिंकरिंग लैब में मना कम्युनिटी डे, नवाचार के साथ याद किए गए बाबा साहब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा स्थित अटल टिंकरिंग लैब में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को 'कम्युनिटी डे' के रूप में गरिमामय ढंग से मनाया गया। नीति आयोग की गाइडलाइन के अनुसार आयोजित इस कार्यक्रम में न केवल संविधान निर्माता को याद किया गया, बल्कि छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीक और नवाचार से भी जोड़ा गया। एटीएल लैब प्रभारी मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि कम्युनिटी डे का मुख्य उद्देश्य अन्य संस्थाओं के छात्रों और समुदाय को लैब की गतिविधियों से जोड़ना है। इसी कड़ी में कौन्दकेरा संकुल के समस्त पूर्व माध्यमिक विद्यालयों से छात्र-छात्राएं, मार्गदर्शक शिक्षक, भूतपूर्व छात्र और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और बाबा साहब के वंदन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में ग्राम सरपंच राधिका यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और उनके आदर्श प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणास्पद हैं। शाला विकास समिति के अध्यक्ष ओंकार साहू और जनपद सदस्य रामेश्वरी कुर्रे ने भी शिक्षा और संवैधानिक मूल्यों पर अपने विचार रखे।



कार्यक्रम के दौरान लैब प्रभारी मीनाक्षी शर्मा, शिक्षक सतीश मालवीय और रितेश पटेल के मार्गदर्शन में 'हैंड्स ऑन एक्टिविटी' आयोजित की गई। इसमें छात्रों के समूह बनाकर उन्हें विज्ञान और तकनीक से जुड़ी सरल एवं रोचक गतिविधियां कराई गईं। नीति आयोग के निर्देशों के अनुरूप तैयार इन गतिविधियों में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों और प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मनोज यादव, शिक्षाविद सोमप्रकाश साहू, संकुल समन्वयक नरेश साहू सहित विद्यालय के शिक्षक दीनू राम यदु, खेलावन सिन्हा, चंद्रिका प्रसाद साहू, छगन लाल साहू, एकता दुबे और एटीएल सहयोगी छात्र युवराज, पायल, यशोदा, पलक व डामेश्वरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




## नवापारा में मनी अम्बेडकर जयंती

नवापारा-राजिम। समता और न्याय के अग्रदूत डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नगर में कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ अशोक बजाज ने डॉ. अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 8 में समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए,इस आयोजन के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारा एवं समानता का संदेश दिया गया। अशोक बजाज ने कहा कि भारत का संविधान हमें इसके मूल्यों का पालन करते हुए समाज में न्याय, स्वतंत्रता और समानता को सशक्त बनाना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से डॉ. अम्बेडकर जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।



## एकलव्य विद्यालय कोसमबुडा में गूंजा बाबा साहब का संदेश, छात्राओं ने गिनाए योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा बाबा साहेब के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बाबा साहेब के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। कक्षा 7वीं की छात्रा दीप्ति ने उनके जीवन-मूल्यों, तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों तथा संघर्षपूर्ण जीवन की प्रेरणादायी घटनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं कक्षा 12वीं की छात्रा कामना ध्रुव ने बाबा साहेब के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने समाज में समानता और अधिकारों की स्थापना हेतु हिंदू कोड बिल तथा न्यूनतम मजदूरी जैसे महत्वपूर्ण कानूनों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





विद्यालय के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक आशुतोष त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा, "शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिससे हम स्वयं, अपने समाज एवं देश में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि संघर्ष व्यक्ति को कमजोर नहीं बल्कि अधिक सशक्त बनाता है, इसलिए जीवन की कठिनाइयों से घबराना नहीं चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाबा साहेब के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा किए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से समाज में परिवर्तन संभव है। उन्होंने यह भी दोहराया कि किसी भी समाज की प्रगति उसकी महिलाओं की प्रगति पर निर्भर करती है।

## खड़मा में वामन अवतार और कृष्ण जन्म पर झूमे श्रद्धालु

# बलि की दानवीरता ने स्वयं भगवान को बना दिया द्वारपाल : पंडित पुष्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव

ग्राम खड़मा में सिन्हा परिवार द्वारा अपने पूर्वजों एवं माता-पिता की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का पांचवां दिन भक्ति और उल्लास के चरम पर रहा। पंडित पुष्कर प्रसाद तिवारी (लोहरसी वाले) की ओजस्वी वाणी से प्रवाहित हो रही कथा का श्रवण करने के लिए आसपास के दर्जनों गांवों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के पांचवें दिन पंडित तिवारी ने समुद्र मंथन और वामन अवतार का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि जब असुरराज बलि ने तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया, तब भगवान विष्णु ने माता अदिति के गर्भ से वामन अवतार लिया। नर्मदा तट पर बलि के यज्ञ में पहुंचकर भगवान ने केवल तीन पग भूमि मांगी। गुरु शुक्राचार्य की चेतावनी के बाद भी बलि ने वचन निभाया और अंततः अपना शीश समर्पित कर दिया। भगवान बलि की इस भक्ति से इतने प्रसन्न हुए कि उन्हें पाताल का राजा बनाकर स्वयं उनके द्वारपाल बन गए।





**नंद घर आनंद भयो... कृष्ण जन्म पर झूम उठे भक्त-** कथा के दूसरे पहर में जैसे ही भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग आया, पूरा पंडाल 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। कंस की आकाशवाणी, कारागार में वासुदेव-देवकी का संघर्ष और यमुना पार कर शिशु कृष्ण को गोकुल पहुंचाने के मार्मिक प्रसंग ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वामन अवतार और कृष्ण जन्म की जीवंत झांकियों ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया। इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों ने उपस्थिति दर्ज कराकर आशीर्वाद लिया। मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रदेश सह-प्रभारी चंदन साहू, आरटीआई सेल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खिलेश्वर गोस्वामी उपस्थित रहे। सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित इस 12वें भागवत सत्संग में कुरेकेरा, कोरासी, मड़ेली, रानीपरतेवा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजन परिवार के सदस्यों ने बताया कि 10 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ यह यज्ञ निरंतर भक्ति रस की वर्षा कर रहा है।

## ओड़िशा सीमा तक पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता, भाजपा सरकार को घेरा

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के बीहड़ नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे ओडिसा सीमा तक के ग्रामो में मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में मैनपुर ब्लॉक के पदाधिकारी कार्यकर्ता पहुचे और संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत गांव-गांव कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने जहां पाराटोला में बैठक रखकर कांग्रेस के विचारधाराओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। वहीं गांव के गलियों में रैली निकाल राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के जनविरोधियों नितियों के बारे में लोगो को विस्तार से बताया। इस दौरान, गोना, भुतबेड़ा, कुचेंगा, गरीबा, महुआनाला, भाटापानी, मोतीपानी, कोकड़ी, बरगांव, गदराबेड़ा, गौरगांव, गरहाडीह में पहुंचकर सभा का आयोजन किया गया। संगठन सृजन के प्रभारी एवं आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो गांव गरीब, किसान और आदिवासी के विकास के बारे में कार्य करती है, श्री नेगी ने कहा कि इस क्षेत्र में हमारे कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल जैसे नेताओं ने गांव–गांव पहुचकर लोगों से उनके हालचाल जानते थे और यह क्षेत्र शुरू से कांग्रेस के गढ़ के रूप में जाना जाता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से महामंत्री गेंदु यादव, भुनेश्वर नेगी, तिलक मरकाम, रमुला मरकाम, दीनांचद मरकाम, रामदास, दुलेन्द्र नेगी, डोमार साहू, लिकेश यादव शांतु राम, सीताराम यादव, सरजु यादव, श्रीराम मरकाम, उत्तम मरकाम, दिनेश मरकाम, नकुल नागेश, सुनील मरकाम सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।




HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने मनाई बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती



**नवापारा-राजिम।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा द्वारा अम्बेडकर चौक में माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामा यादव ने कहा कि डॉ अंबेडकर साहब ने दुनिया की सबसे मजबूत संविधान भारत को दिए जिसका अनुसरण आज दुनिया के अनेक देश करते है। मजबूत संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाने के लिए डॉ भीमराव अम्बेडकर जी देश ही नहीं पूरी दुनिया में उनकी प्रसंशा की जाती है। आज भारत में सभी जाति धर्मों में समानता की बात हो या सभी वर्गों के लिए एक समान अधिकार की बात हो निश्चित हो डॉ अम्बेडकर साहब की दूरदर्शिता सोच परिश्रम से ही आज भारत की एकता और अखंडता की नींव मजबूत संविधान से ही संभव हुआ। आज उनके जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए सभी कांग्रेसजनो ने उन्हें युगपुरुष के रूप में याद किया। मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामा यादव ,पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ,पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह ,चतुर जगत ,पार्षद हेमंत साहनी ,टिकेश्वर गिलहरे ,अजय साहू ,फागू देवांगन ,रामरतन निषाद ,तरुण कंसारी ,अनूप खरे ,मंगराज सोनकर ,रामकुमार शर्मा ,राजा चावला ,निर्माण यादव ,राकेश सोनकर ,रुक्मणी साहू ,विक्की साहू ,सुनील जैन ,अजय गाड़ा ,बीरबल राजपूत ,दाऊ राम साहू ,विजय तारक ,सुरेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### श्रीरामचरित मानसगान प्रतियोगिता में शामिल हुए जिपं सदस्य यशवंत



**नवापारा-राजिम।** ग्राम डोंगीतराई व छांटा में आयोजित श्रीरामचरित मानसगान प्रतियोगिता समारोह में अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने कहा कि मानसगान के समस्त ग्रामवासी को बहुत बहुत बधाई देता हूं। भगवान श्रीरामचंद्र जी की कृपा आप सबके परिवार के ऊपर बनी रहे। छत्तीसगढ़ के विख्यात मंडली यहां पर आकर पूरे गांव को श्री राम नाम में सराबोर कर रहे है रामायण का एक-एक दोहा, एक-एक चौपाई हम सबको जीवन जीने की कला सिखाता है। राम नाम रूपी गंगा में डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्य करे। श्री साहू ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि इस पुनीत कार्य में मुझे शामिल होने का अवसर मिला। इसके लिए मैं आयोजक समिति को धन्यवाद देता हूं। विशेष अतिथि के रूप में चित्रलेखा-दीपक तारक जनपद सदस्य ने ग्रामवासियों के मांग पर 5 लाख रुपए के सीसी रोड बनाने की घोषणा किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष किशन साहू, कामता यादव, राधेरमन साहू, श्रीराम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### निधन

### गोपाल साहू

**राजिम।** नगर के गणमान्य नागरिक हीरालाल साहू के जेष्ठ पुत्र गोपाल साहू उम्र 57 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें



गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि, परिजन एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। स्वर्गीय गोपाल साहू राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू के अग्रज एवं निखिल साहू के पूज्य पिता थे। अंतिम यात्रा में शामिल सभी लोगों ने सामूहिक प्रार्थना कर दिवंगत आत्मा की मोक्ष एवं मृत देह की शांति की कामना किये।

## जयंती : डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई, जय भीम के नारे से गूंज उठा क्षेत्र

# बाबा साहब के विचारों और मूल्यों को आत्मसात कर ही संभव है समाज का विकास : लोकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धुमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में आयोजन समस्त बौद्ध महार समाज एवं सर्व समाज द्वारा आयोजित किया गया है, नगर सहित क्षेत्र जय भीम के नारों से गुंज उठा, जगह- जगह शोभायात्रा निकाल शरबत, मिठाई एवं फूलमाला एवं फूलों की बारिश के साथ जोरदार स्वागत किया गया। नगर के अम्बेडकर चौक में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दोपहर 04 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, अध्यक्षता बौध्द महार समाज के अध्यक्ष ललित डाहटे, विशेष अतिथि आदिवासी कांग्रेस के गरियाबंद जिलाध्यक्ष खेदु नेगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, मैनपुर सरपंच हनीता नायक, उपसरपंच अनीश सोलंकी, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, जनपद सदस्य प्रताप मरकाम, भोला जगत, सुभाश मरकाम भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, कमल सोनवानी, खिलेन्द्र कुटारे, शिव त्रिपुडे, खिलेन्द्र कुटारे,नंदलाल वासनिक एंव वरिष्ठ जन उपस्थित थे, अतिथियों का नीला गमछा के साथ फुलमाला से जोरदार स्वागत किया गया, एंव संविधान की प्रति भेंट की गई।

**शिक्षा और समानता पर विशेष जोर-** मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने दलित शोषित और वंचितो के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होने समाजिक दंश झेलने के बावजूद भी उच्च शिक्षा प्राप्त की और समाज की सेवा और उत्थान मे जुड गये बाबा साहब अंबेडकर ने मंत्र दिया है कि शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो शिक्षा ही हमें अपने अधिकारो और कर्तव्यो का भान कराती है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि बाबा साहब द्वारा दिया गया संविधान देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत है, हमारे संविधान हमें अधिकार सम्पन्न बनाता है। समाज के अध्यक्ष ललित डाहटे ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के बताये रास्तो पर चलकर ही हम समाज व क्षेत्र के विकास कर सकते है। इस दौरान चैतन्य डाहटे, तनुजा, मयंक वासनिक, विद्या डाहटे, केशव मेनपाल, विजय रात्रे, अ"वनी बाम्बोडे, गौरव बाम्बोडे, बानु वासनिक,वेदांत बाम्बोडे, देव वासनिक, देवराज साहू, आयुब रजा, सत्यजीत कुटारे, आयुश त्रिपुडे, पार्थ रामटेके, मिमोह रामटेके, युवराज नेताम, सुभाश मरकाम, शिव बाम्बोडे, धनसाय बाम्बोडे, हेमत बाम्बोडे, राकेश , सुनील बाम्बोडे, अमित रामटेके, इमरान खान, पारेश्वर नेताम एवं नगर सहित क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए है, देर रात समाचार लिखे जाने तक कार्यक्रम जारी है। कार्यक्रम का संचालन आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम एंव गेंदु यादव द्वारा किया जा रहा है। शांति व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।





### बारूला में अम्बेडकर जयंती मनाई

छुईहा बेलर। ग्राम पंचायत बारुला में भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन कोरम पूर्ती पश्चात किया गया। सरपंच सूकदेव राम साहू द्वारा ग्राम पंचायत के जल स्तर को बढ़ाने के लिए प्रेत्यक सदस्य को सोख्ता पिट निर्माण करने का प्रेरित किया गया। साथ में वृद्ध जन को मिलने वाला पेंशन लम्बे समय से नहि मिलने पर चिंता जताई। केंद्र सरकार की योजना विकसित भारत जी राम जी के बारे में सभा में जानकारी दिया गया जिसमें 100 से बढ़कर 125 दिन की रोजगार दिए जाने के बारे में बताया। इस



मौके पर सरपंच सुखदेव राम साहू, सचिव गोपेश सेन, रोजगार सहायक दीपक साहू, उपसरपंच उत्तम कुमार सोनवानी, पंच सुनील निर्मलकर, पशु विभाग से कमलेश साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बोबिता पराना, रितारानी गुप्ता, इच्छा निर्मलकर, नारद साहू, सहदेव साहू, ह्यूमन साहू, मितानिन सोहद्रा साहू, कुमार ध्रुव, वेन साहू, रिशेंन साहू ,जितेंद्र साहू, हेमकुमारी ध्रुव, कमला साहू इत्यादि उपस्थित थे।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबा साहब की जयंती

**छुईहा बेलर।** भाजपा मंडल फिंगेश्वर अन्तर्गत शक्तिकेंद्र बोरिद में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवनदर्शन, संविधान निर्माण में उनके योगदान और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है, जिसे आत्मसात कर ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री भुवन साहू, महामंत्री प्रेमलाल टोडर, किसान मोर्चा सदस्य रामू राम साहू, प्यारेलाल सोनकर, सोमन ध्रुव, बंशीलाल रात्रे, प्राधिकृत सहकारी समिति अश्वनी विश्वकर्मा, चंदूलाल ध्रुव, देवचरण सोनकर, पीताम्बर सोनकर, हेमू निषाद, शोभाराम साहू, दिनेश सोनकर, लोकेश कुमार सिन्हा, दसरू राम, अशोक साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

## डॉ. आंबेडकर की शिक्षा एवं ज्ञान की प्रसिद्धि पूरे विश्व में : ओमकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

- नपा अध्यक्ष ने आंबा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान, बच्चों को बाटी किताबें

भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू के मुख्य आतिथ्य, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन ऋषि दास वैष्णव सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में संविधान निर्माता डॉ भीम राव आंबेडकर के महान कार्यों को याद किया गया। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर ने भारत को ऐसा संविधान दिया है। जो हर भारतीय के मौलिक अधिकारों को सुरक्षित करता है। उनके संविधान का पालन करते हुए भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उनकी शिक्षा एवं ज्ञान की प्रसिद्धि समूचे विश्व में है।





अपने ज्ञान के बदौलत पूरे विश्व में कानून के विशेषज्ञ कहलाने वाले डॉ भीमराव आंबेडकर ने ऊंच नीच और जाति भेदभाव से परे अपने महान कार्यों के लिए जाने जाते है। मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने डॉ आंबेडकर को संविधान निर्माता एवं समाज सुधारक बताया। उन्होंने समाज से जातिगत भेदभाव को खत्म करने के लिए कार्य किया। भारत के संविधान निर्माण में डॉ भीमराव आंबेडकर की सर्वोच्च भूमिका है। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। बच्चों को किताबें बांटी। नपा अध्यक्ष ने कहा कि आज के बच्चे पढ़-लिखकर कल के अबडेकर बनेंगे। शिक्षा एवं ज्ञान ही ऐसा माध्यम है जो निश्चित सफलता दिलाता है। हमे बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष धनमती साहू, प्रदेश महिला मोर्चा सदस्य तनु मिश्रा, पार्षद पूजा कंसारी, निर्मला साहू, जीना निषाद, केकती सोनवानी, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, महामंत्री हर्षा कंसारी, गीता राजपूत, उमा कंसारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं बड़ी सख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

## भाजपा और सतनामी समाज ने मिलकर मनाई बाबा साहब की 135वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के अंबेडकर सतनामी समाज भवन (परिक्षेत्र छुरा) में भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की 135वीं जयंती भाजपा मंडल छुरा एवं सतनामी समाज के संयुक्त तत्वावधान में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिली, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु घासीदास बाबा एवं बाबा साहब अम्बेडकर के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित जनसमुदाय ने बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में समानता, शिक्षा और न्याय के मूल्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाउपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की



अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा, राकेश शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती संगीता शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष चित्ररेखा ध्रुव, गौकरण धृतलहरे एवं पार्षद बलराज पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीयता के साथ किया गया। गौकरण धृतलहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि बाबा साहब अम्बेडकर का जन्म नहीं हुआ होता, तो समाज में समानता और न्याय की स्थापना संभव नहीं हो पाती। उन्होंने दलित, शोषित और वंचित वर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार दिलाया, जो आज के आधुनिक समाज की आधारशिला है। इस कार्यक्रम में मन के बात प्रदेश सह प्रभारी चंदन साहू, रामलाल कुलदीप महामंत्री, वेदिका वासनिक, मीना चंद्राकर, गिरिवर लहरे, प्रदेश कार्य समिति सदस्य आर टी आई खिलेश्वर गोस्वामी, जिला किसान मोर्चा सदस्य नोखेलाल साहु,रुपनाथ बंजारे, गिरिवर लहरे, लोकेश चंद्राकर, गणेश यादव,देवेंद्र शर्मा, किरण राजपूत, तुलसी साहू, गुलाब दीवान, हेमंत देशमुख, रामकुमार यादव, प्रीतराम, जितेंद्र ध्रुव, मनोहर, विश्वकर्मा, धर्मेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन, युवा, महिलाएं एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान जय भीम और भारत माता के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक बना रहा।



### परसदा में डॉ. अंबेडकर जयंती पर संविधान की महत्ता पर चर्चा

**नवापारा-राजिम।** मंगलवार को ग्राम पंचायत परसदा में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से गांव के सरपंच रमेश वर्मा, सचिव रामचंद्र तारक, शाला विकास समिति के अध्यक्ष टिकू यादव ,योगेश यादव ,मोहन साहू ,हरिश्चंद्र साहू ,शकुंतला वर्मा ,सेवती साहू उपस्थित हुए। सर्वप्रथम सरपंच रमेश वर्मा द्वारा डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र में पुष्प अर्पण किया गया। इसके बाद नारियल तोड़कर ग्राम सभा की कार्यवाही सरपंच सचिव द्वारा प्रारंभ किया गया टीकू यादव ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा ही देश का संविधान लिखा गया था। भारतीय संविधान सबसे बड़े लिखित संविधान है संविधान के बिना देश की कल्पना नहीं की जा सकती डॉ भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लिखने में लगे थे जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। रोजगार सहायक मिलेश साहू ,सब इंजीनियर राकेश सोनी ,ओमकार यादव ,पप्पू साहू ,जानवी यादव ,तनु ,प्रिया ,सरोज साहू ,संतराम बारले,खिलवारे ,पवन बारले मौजूद थे।

## पितईबंद में धूमधाम से मनाई गई डॉ. अंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम पंचायत पितईबंद में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती बड़े ही उत्साह,श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। समस्त उपस्थित जनों ने उनके महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच गोदावरी-सहदेव बंजारे ने कहा कि बाबा साहब ने अपने अद्वितीय संघर्ष, शिक्षा और दूरदर्शिता के बल पर समाज में समानता, न्याय और मानवाधिकारों की अलख जगाई। कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करता है और हमें उनके आदर्शों को अपनाकर एक समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहब के सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं



राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया तथा बाबा साहब के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन उपसरपंच शेखर बंजारे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में सरपंच गोदावरी बंजारे, सरपंच प्रतिनिधि सहदेव बंजारे, उपसरपंच शेखर बंजारे,सचिव ओमप्रकाश डहरिया पंचगण बसंती ध्रुव, प्रभा बंजारे, रामहिन भारती, शांति यादव, अनुसुइया, लक्ष्मी निषाद, ग्रामीण राजेश बंजारे, राकेश बंजारे, परसराम बया, अनुसूइया बया, व्यासनारायण निषाद सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बेलटुकरी में लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# हमारा लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम बेलटुकरी में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने पुरानी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि साहू समाज भवन का यह स्वरूप आज हमारे संकल्पों की सिद्धि है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि मेरे कार्यकाल के दौरान स्वीकृत किया गया यह भवन आज पूर्ण होकर समाज और ग्रामीणों के काम आ रहा है। पुलिया निर्माण से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी। हमारा लक्ष्य सदैव अंतिम



व्यक्ति तक विकास पहुँचाना रहा है और यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने क्षेत्र के विकास में विधायक रोहित साहू के योगदान को रेखांकित किया और कहा कि ग्राम बेलटुकरी के सर्वांगीण विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, वे ग्राम की अधोसंरचना को मजबूती देंगे। मैं इस मंच से राजिम विधायक रोहित साहू का विशेष आभार व्यक्त करती हूँ, जिनके सतत सहयोग और मार्गदर्शन से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल रही है। उनके प्रयासों से ही जनहित की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। जिला पंचायत सभापति नंदनी साहू ने सामाजिक एकता और विकास पर जोर देते हुए कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब हमारे पास बेहतर सुविधाएं और एकजुटता हो। साहू समाज भवन हमारे सामाजिक विमर्श का केंद्र है। 10 लाख की पुलिया और टीन शेड निर्माण से यहाँ के जनजीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। हम भविष्य में भी गाँव की हर छोटी-बड़ी समस्या के निराकरण के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर अन्य अतिथियों ने भी समाज को संबोधित किया।




